दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख देशों का दौरा करेगा।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – आतंकी हमलों पर भारत के करारे जवाब से दुनिया हैरान और पाकिस्तान भयभीत है।

03. निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर क्यूआर स्कैन कोड के जरिये युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने को लेकर अभियान चलाने को कहा।

04. और, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने टैलेंट हंट के तहत पांच महिला सहित पच्चीस प्रतिभाशाली गेंदबाजों का चयन किया।

---

केन्द्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य प्रमुख देशों की यात्रा पर जाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनेता और प्रबुद्ध राजनयिक शामिल होंगे।

–––बाईट–––

इस बहुदलीय शिष्टमंडल का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सहमति और आतंकवाद से लड़ने के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण को विश्व के सामने रखना है। वे दुनिया को भारत का सख्त संदेश देंगे कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति रखता है। इन सात शिष्टमंडलों का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करूणानिधि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और शिव सेवा के श्रीकांत एकनाथ शिंदे करेंगे। इस बीच, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बहुदलीय शिष्टमंडल के बारे में कहा है कि भारत के साझा संदेश को लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मतभेदों से परे राष्ट्र एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। वही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पांच प्रमुख राजधानियों में बहुदलीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करने के लिए केंद्र द्वारा आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत का यह सामूहिक संकल्प दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता प्रदर्शित करता है।

–––बाईट–––

ये हमारे प्रधानमंत्री जी की दुरगामी सोच है कि पूरा भारत एक स्वर में दुनिया के सामने आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी रूप से अपनी बात कहे और आतंकवाद को समाप्त करना दुनिया की शांति के लिए जरूरी है।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवादी हमलों का मुंहतोड जबाव दिया है। गुजरात में एक जनसभा में उन्होंने आतंकवादी कृत्यों के जबाव में भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक कार्रवाई की सराहना की।

———बाईट———

मोदी जी ने हर हमला का जवाब इतनी मक्कमता से दिया है कि आज पूरी दुनिया आश्चर्य चकित होकर देख रही है और पाकिस्तान भयभीत होकर उसका अनुभव कर रहा है। जब उरी में हमला हुआ सर्जिकल स्ट्राइक करके एक प्रतीकात्मक जवाब दिया गया। पुलवामा में हमला हुआ एयर स्ट्राइक करके चेतावनी दी गई। मगर ये सुधरे नहीं। पहलगाम में हमला किया इस बार ऑपरेशन सिंदूर से उनके हैडक्वटर्स को नेस्तनाबूद कर दिया।

———————————————————————————

आतंकवाद के विरूद्ध सशस्त्र बलों के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश देश के जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान—स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर—चक्र विजेता ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में असाधारण बहादुरी का परिचय दिया था। सूबेदार मेजर और मानद कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को न्याय दिलाने का एक निर्णायक कार्य था।

———बाईट———

———————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रदेश भाजपा की ओर से जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पटना में भाजपा महिला मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा और विजय जुलूस निकाला गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता समेत महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुई। इधर, दरभंगा में सांसद गोपालजी ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली गयी।

———————————————————————————

प्रदेश में खरीफ दो हजार तेईस मौसम में फसल सहायता के लिए छियालीस करोड़ उनचास लाख रूपये आवंटित की गयी है। पटना में सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने बारह जिलों के किसानों के खातों में यह राशि आवंटित की। इसके अलावा रबी दो हजार तेईस—चौबीस और खरीफ दो हजार चौबीस—पच्चीस के अन्तर्गत किसानों के आवेदनों का सत्यापन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। सत्यापन के बाद किसानों के खातों में राशि आवंटित की जायेगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता के अवसर पर पन्द्रह जून से सभी प्रखंडों और पंचायतों में सहकारिता चौपाल लगायी जायेगी।

———————————————————————————

केन्द्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने विश्व में दुग्ध उत्पादन में भारत को पहला स्थान हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल का स्वागत किया है। अगरतला में उन्होंने कहा कि भारत का दुग्ध उत्पादन विश्व के दो प्रतिशत औसत वृद्धि की तुलना में प्रतिवर्ष छह प्रतिशत बढ़ रहा है।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनतीस मई को दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि पहले प्रधानमंत्री का एक दिवसीय दौरा होना था। लेकिन अब वे दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं।

———बाइट———

इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री उनतीस मई को पटना एयरपोर्ट के नये टर्मिनल भवन का उद्‌घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि पटना एयरपोर्ट का नया टर्मिनल पैंसठ हजार एक सौ पचास वर्ग मीटर में फैला होगा, जो मौजूदा टर्मिनल से काफी बड़ा है। श्री चौधरी ने कहा कि इस टर्मिनल के शुरू होने पर उड़ानों की संख्या चौंतीस से बढ़कर पचहत्तर और यात्री क्षमता पच्चीस लाख से एक करोड़ तक पहुंच सकती है। पटना एयर पोर्ट के नये टर्मिनल में एआई आधारित सुरक्षा और प्रबंध प्रणाली होगी। इसमें विशाल वेटिंग एरिया, उन्नत सुरक्षा प्रणाली और बेहतर कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं होंगी।

———————————————————————————

निर्वाचन आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी आज अपने बिहार दौरे के तीसरे दिन सशस्त्र सीमा बल, एसएसबी के अधिकारियों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सुरक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक पश्चिमी चम्पारण जिले के वाल्मीकिनगर में होगी। इससे पहले कल डॉक्टर जोशी ने पूर्वी चम्पारण और पश्चिमी चम्पारण का फिल्ड विजिट भी किया। उन्होंने चुनाव तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। निर्वाचन आयुक्त ने युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए लगातार अभियान चलाने को कहा। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर वोटर हेल्पलाईन का क्यूआरकोड लगाने को कहा ताकि युवा अपना नाम जोड़वाने के लिए आगे आये।

———————————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में एनडीए दो सौ पच्चीस सीटें जीतेगा। श्री कुमार ने मधुबनी के सर्किट हाउस में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आंधी–बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। विभाग ने इस दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार जिले में कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम विभाग ने बांका, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, नवादा सहित दक्षिण–पूर्व बिहार के कई क्षेत्रों में बारिश और वज्रपात को लेकर अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया और राज्य के पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गयी है।

———————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन, बीसीए के तत्वावधान में पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में पच्चीस गेंदबाजों का चयन किया गया है। इनमें पुरूष वर्ग में बीस और महिला वर्ग में पांच गेंदबाजों का चयन किया गया है। राज्य के विभिन्न जिलों से चार हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी कर्सन घावरी और सलील अंकोला चयन कर्ता के रूप में शामिल थे। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर कर्सन घावरी ने कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आने वाले दिनों में बिहार के कई खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायेंगे।

———बाईट———

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस है। इस अवसर पर देश में पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाले सभी स्मारकों और संग्रहालयों में आज प्रवेश निःशुल्क रहेगा। ये संग्रहालय और स्मारक देश की धरोहर को संजोए हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का आयोजन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने तथा शिक्षा और संवाद को बढ़ावा देने में संग्रहालयों की भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर पटना में कला संस्कृति और युवा विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी और परिचर्चा का आयोजन किया गया है। परिचर्चा का विषय है– तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य।

———————————————————————

इंटैक पटना चैप्टर और योर हेरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में कल पटना कलम चित्र कला शैली प्रशिक्षण और कार्यशाला के अन्तर्गत परिचर्चा का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम पटना के कला और शिल्प महाविद्यालय में होगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पटना में मल्टी मॉडल हब और भूमिगत पाथवे का लोकार्पण। अखबार लिखता है– मल्टी मॉडल हब से आवागमन आसान, पैदल यात्रियों को भी सुविधा होगी।

दैनिक जागरण लिखता है– बिजली बाधित होने की शिकायत का तीस मिनट के भीतर समाधान करने का आदेश। शिकायतों की मॉनीटरिंग के लिए केन्द्रीकृत प्रणाली को विकसित करने का निर्देश।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– बिहार के सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर शिक्षक हाजिरी घोटाले का खुलासा। जांच में आठ हजार से अधिक शिक्षक फर्जी हाजिरी बनाने में पकड़ायें। प्रभात खबर ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयुक्त के हवाले से लिखा है– पब्लिक प्लेस पर क्यूआर कोड स्कैन कर बनेंगे वोटर। आज अखबार का शीर्षक है– ऑरेशन सिंदूर की जानकारी देने विदेश जायेंगे सांसद।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख देशों का दौरा करेगा।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा – आतंकी हमलों पर भारत के करारे जवाब से दुनिया हैरान और पाकिस्तान भयभीत है।

03. निर्वाचन आयुक्त विवेक जोशी ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के मद्‌देनजर क्यूआर स्कैन कोड के जरिये युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने को लेकर अभियान चलाने को कहा।

04. और, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने टैलेंट हंट के तहत पांच महिला सहित पच्चीस प्रतिभाशाली गेंदबाजों का चयन किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।